## महत्वपूर्ण एवं खास

### तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों की हुई नवीन पदस्थापना

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से तथा कार्यालयीन कार्य को सुचारू रूप से संपादित करने हेतु तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को नवीन पदस्थापना हेतु अस्थायी तौर पर आगामी आदेश पर्यन्त पदस्थ किया है। इनमें तहसीलदार अनुज कुमार पटेल को अतिरिक्त तहसीलदार कापू बनाया गया है। इसी तरह नायब तहसीलदार लीलाधर चन्द्रा को प्रभारी तहसीलदार तमनार एवं नायब तहसीलदार सुश्री रॉकी एक्का को प्रभारी तहसीलदार मुकडेगा की जिम्मेदारी दी गई है।

### 10 वीं बोर्ड की गणित परीक्षा संपन्न : 18 हजार 778 में से 825 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा-2023 कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा के तहत 10 मार्च को गणित विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें रायगढ़ एवं जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ को मिलाकर 18 हजार 778 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 17 हजार 953 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 825 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में कहीं भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

### वन विभाग ने एक वाहन सहित जब्त किया सागौन के अवैध चिरान

**रायपुर (आरएनएस)।** वन विभाग द्वारा वन अपराधों की रोकथाम के लिए अभियान लगातार जारी है। इस तारतम्य में विगत दिवस वन मंडल बिलासपुर के बेलगहना परिक्षेत्र अंतर्गत एक वाहन- ट्रेक्टर सहित सागौन के 18 नग सिलपट जब्त किए गए है। इसके जब्ती की कार्रवाई वन मंडलाधिकारी कुमार निशांत के निर्देशन में गठित विभागीय टीम द्वारा क्षेत्र में गस्त के दौरान की गई। विभााग द्वारा आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ वनोपज अधिनियम के तहत कार्रवाई जारी है।

### साकलेर में हुई मुठभेड़ भाग खड़े हुए नक्सली

**सुकमा (आरएनएस)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत डब्बामार्क पुलिस कैंप से कोबरा 208 और एसटीएफ की संयुक्त टीम साकलेर की ओर सर्चिंग पर निकले थे। उसी दौरान आज सुबह 07 बजे घात लगाए बैठे नक्सलियों ने जवानों के पर फायरिंग शुरु कर दी, सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में अपने को कमजोर पड़ता देख नक्सली भाग खड़ें हुए, जवानों का दावा है कि मुठभेड़ में 05 से 06 नक्सली घायल हुए हैं।मुठभेड़ के बाद मौके की सर्चिंग में बड़ी मात्रा में बीजीएल व अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद किया है। सुकमा एसपी सुनील शर्मा ने इसकी पुष्टि की है।

### मुठभेड़ में 2 जवान घायल, बीजीएल व अन्य विस्फोटक बरामद

**सुकमा (आरएनएस)।** जिले के किस्टाराम थाना क्षेत्र अंतर्गत डब्बामार्क पुलिस कैंप से कोबरा 208 और एसटीएफ की संयुक्त टीम साकलेर की ओर सर्चिंग पर निकले थे। उसी दौरान आज सुबह 07 बजे घात लगाए बैठे नक्सलियों ने जवानों के पर फायरिंग शुरु कर दी, नक्सलियों की इस फायरिंग में कोबरा 208 के निरिक्षक मुनेश कुमार मीणा एवं आरक्षक अमित मोईक घायल हुए हैं, जिन्हे जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया है, घायल जवान मामूली रूप से घायल हैं, सुरक्षित हैं। सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में अपने को कमजोर पड़ता देख नक्सली भाग खड़ें हुए, जवानों का दावा है कि मुठभेड़ में 05 से 06 नक्सली घायल हुए हैं। मुठभेड़ के बाद मौके की सर्चिंग में बड़ी मात्रा में बीजीएल व अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद किया है। सुकमा एसपी सुनील शर्मा ने मुठभेड़ की पुष्टि की है।

### बीएसएफ ने स्थानीय 30 छात्र-छात्राओं को शिमला भ्रमण के लिए भेजा

**नारायणपुर (आरएनएस)।** आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत बीएसएफ ने स्थानीय युवाओं का शिमला भ्रमण के लिए आज 09 मार्च को कुलदीप सिंह, कमांडेंट 11 बटालियन बीएसएफ के संरक्षण में जिला कांकेर व नारायनपुर के दूर दराज गांवों के स्थानीय छात्रों को 11 वीं बटालियन बीएसएफ व 162 वीं बटालियन बीएसएफ तथा नेहरू युवा केंद्र संगठन के सहयोग से 15 छात्र एवं 15 छात्राएं कुल 30 छात्रों को हिमाचल प्रदेश राज्य के शिमला शहर व उसके आस-पास के क्षेत्र में भ्रमण के लिए भेजा गया। भ्रमण पर जाते समय छात्रों में अत्यधिक उत्साह, खुशी एवं नये स्थानों को देखने को उत्सुकता थी। इससे पहले भी 20 फरवरी 2023 को 11 बटालियन बीएसएफ द्वारा 20 स्थानीय छात्रों को तेलंगाना राज्य के हैदराबाद शहर में भ्रमण के लिए भेजा गया था। इस अवसर पर बीएसएफ के अन्य अधिकारी दिनेश कुमार (उप समादेष्टा) , अमरेश कुमार यादव (उप समादेष्टा), अरविंद कुमार(सहा. समादेष्टा), मुकेश उनियाल (सहा. समादेष्टा), निरीक्षक अजीत कुमार तथा निरीक्षक रामवीर सिंह उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार हेतु चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में नहीं चलेगी लापरवाही - कलेक्टर सिन्हा

- बीएमओ, बीपीएम को दिए निर्माण कार्यों के निरीक्षण की जिम्मेदारी
- ठेकेदार गुणवत्ता का रखे विशेष ख्याल
- बीएमओ, बीपीएम से ले निर्माण कार्यों का संतुष्टि प्रमाण-पत्र
- बड़ी बिल्डिंग में लाईटनिंग कंडक्टर लगाने एवं रेन हार्वेस्टिंग बनाने के दिए निर्देश
- नवनिर्मित भवनों में करें गोबर पेंट का उपयोग



**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अंतर्गत अधोसंरचना विकास एवं जीर्णोद्धार के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में निर्माण कार्य में संलग्न एजेंसी सीजीएमएससी, सीजी हाऊसिंग बोर्ड एवं आरईएस उपस्थित रहे। कलेक्टर सिन्हा ने एजेंसीवार कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने एजेंसीज द्वारा प्राप्त, पूर्ण एवं अपूर्ण कार्यों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कार्यों को तय समय-सीमा में पूर्ण करें, साथ ही गुणवत्ता में किसी प्रकार की समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उक्त कार्य शासन द्वारा ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए किया जा रहा है। अत: इसे गंभीरता पूर्वक करते हुए गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखा जाए। मौके पर सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा उपस्थित रहे।

कलेक्टर सिन्हा ने सीजीएमएससी द्वारा किए जा रहे ईसीआरपी, आईसीयू 11 बेड, 45 बिस्तर बाल चिकित्सा, पीएचसी, 10 बेड आईसोलेशन, ट्रूनाट लैब, ईटीपी एवं स्टॉफ क्वार्टर के कार्यों की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। संबंधित एजेंसी द्वारा बताया गया कि जिले में विभिन्न विकासखण्ड में कुल स्वीकृत 149 कार्यों में से 85 निर्माणाधीन एवं 11 पूर्ण हो चुके है। जिस पर कलेक्टर सिन्हा ने निर्माणाधीन कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने धरमजयगढ़ में बन रहे स्टॉफ क्वार्टर के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि स्वास्थ्य कर्मियों को मकान की सुविधा मिल सके। इसी प्रकार आरईएस द्वारा हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटरों का जीर्णोद्धार के कार्यों की समीक्षा की। संबंधित एजेंसी द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत 74 कार्य स्वीकृत हुए थे। जिसमें 57 कार्य पूर्ण हो चुके है एवं अन्य प्रगतिरत है। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2022-23 तक कुल 36 कार्य आबंटित हुए है, जिसमें से 18 कार्य पूर्ण हो चुके है एवं 18 प्रगतिरत है। उन्होंने सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिन्हा ने सभी बीएमओ, बीपीएम को विभिन्न एजेंसियों द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता के निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने सीएमएचओ को पूर्ण हो चुके निर्माण कार्यों को हैण्डओवर लेने से पूर्व बीएमओ, बीपीएम से निर्माण कार्य के प्रति संतुष्टि प्रमाण-पत्र लेने के निर्देश दिए, ताकि कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर सिन्हा ने सीईओ जिला पंचायत को निर्माण कार्यों की थर्ड पार्टी निरीक्षण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान निर्माण कार्यों में लापरवाही पाये जाने पर एजेंसी के अलावा बीएमओ तथा बीपीएम भी पूर्ण रूप से जिम्मेदार होंगे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न ब्लॉक में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा हेतु बीपीएम को प्रोफार्मा बनाकर कार्यों की अद्यतन प्र्रगति की जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने धरमजयगढ़ एवं पुसौर में तैयार हमर लैब को शीघ्र प्रारंभ करवाने के निर्देश दिए। जिसके लिए मशीनों की जांच एवं पर्याप्त मैन पॉवर उपलब्ध कराने सीएमएचओ को निर्देशित किया। उन्होंने तमनार में पोस्टमार्टम कक्ष बनाने हेतु प्रस्ताव बनाने एवं घरघोड़ा में एनआरसी के शेष निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में संयुक्त कलेक्टर भरत राम धुरव, सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर, डीपीएम सुश्री रंजन पैकरा, ईई हाऊसिंग बोर्ड शर्मा, आरईएस, सीजीएमएससी के अभियंता एवं ठेकेदार उपस्थित रहे।

**नवनिर्मित भवनों में अनिवार्य रूप से करें गोबर पेंट का उपयोग-** कलेक्टर सिन्हा सभी निर्माण एजेंसी को उनके द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों में गोबर पेंट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित एजेंसियों को निर्माणाधीन कार्यों के अनुरूप लगने वाले गोबर पेंट का तीन माह का डिमांड बनाकर भेजने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बनाए जा रहे बड़ी बिल्डिंग में आकाशीय बिजली से बचाव हेतु लाईटनिंग कंडक्टर लगाने तथा नवनिर्मित भवनों में अनिवार्य रूप से रेन हार्वेस्टिंग बनाने के निर्देश दिए।

## क्रेडिट कॉड से अज्ञात व्यक्ति द्वारा की गई 2,02,400 रूपए की ऑनलाइन धोखाधड़ी



**रायगढ़।** थाना कोतरारोड़ में किरोडीमल नगर वार्ड नं. 08 में रहने वाले सुरेंद्र पासवान (उम्र 40 वर्ष) द्वारा गत दिनांक 10.03.2023 को उनके क्रेडिट कॉड से अज्ञात व्यक्ति द्वारा ऑनलाइन 2,02,400 रूपये की खरीददारी कर धोखाधड़ी करने का रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।

शिकायतकर्ता सुरेन्द्र पासवान लिखित आवेदन देकर बताया कि माह फरवरी में अपने क्रेडिट कार्ड को बंद कराने रायगढ एसबीआई शाखा मेन ब्रांच गया और क्रेडिट शाखा के कर्मचारी से बात किया जिसने क्रेडिट कार्ड बंद कराने कस्टमर केयर में शिकायत दर्ज कराने कहकर बताये कि एक सप्ताह बाद मोबाइल पर एक मैसेज आयेगा उसको लेकर बैंक आकर बताना, उसके बाद आपका क्रेडिट कार्ड बंद कर दिया जायेगा। दिनांक 06.03.2023 को दो अलग-अलग मोबाइल नम्बरों से काल आया और बोला गया कि क्रेडिट कार्ड बंद करना है या नहीं तो बंद कराना है बोला गया। अज्ञात कॉलर ने नाम पता एवं जन्मतिथि और क्रेडिट कार्ड का नंबर पूछा गया। 10 मिनट बाद मोबाइल में मैसेज आया कि क्रेडिट कार्ड से 02 लाख 02 हजार 4 सौ रूपये आहरण कर लिया गया था। तब बैंक जाकर खाता को होल्ड कराया गया। रिपोर्टकर्ता के आवेदन पर अज्ञात कॉलर पर थाना कोतरारोड़ में धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## थाने के अपराध, शिकायत और मर्ग की एसएसपी ने की समीक्षा : लंबित मर्ग पर जताए नाराजगी

- थाना धरमजयगढ़ के औचक निरीक्षण पर पहुंचे एसएसपी सदानंद कुमार
- थाने और स्टाफ क्वार्टर का किया निरीक्षण, थाना प्रभारी को नए क्वार्टरों का प्रपोजल तैयार करने का दिए निर्देश



**रायगढ़।** ऑफिस कार्य बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ सदानंद कुमार द्वारा थाना धरमजयगढ़ का औचक निरीक्षण पर पहुंचे। जिले का पदभार लेने पश्चात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने मैराथन थाना निरीक्षण दौरान धरमजयगढ़ अनुविभाग के थाना घरघोड़ा, लैलूंगा, तमनार, कापू का निरीक्षण किया गया था। अपने आकस्मिक निरीक्षण दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा तथा थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक सीताराम ध्रुव से क्षेत्र में घटित होने वाले अपराधों की जानकारी लिया गया तथा थाने के पेंडिंग अपराध, शिकायत, मर्ग का समीक्षा किये। इस दौरान वे अपराध, मर्ग की जांच कर रहे विवेककों से लंबित के कारणों की जानकारी लिए और कई लंबित मर्ग प्रकरणों के लंबित के कारणों पर नाराजगी जाहिर कर थाना प्रभारी को शीघ्र जांच पूर्ण कराकर अवगत कराने कहा गया।

उन्होंने थाना प्रभारी को थाने की शासकीय संपत्ति का अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने निर्देशित किए तथा थाने में उपलब्ध आर्म्स एवं अन्य शासकीय संपत्तियों का रखरखाव बेहतर तरीके से करने का निर्देश दिये। अपने निरीक्षण दौरान उन्होंने थाने के मालखाना, सीसीटीएनएस कक्ष, मुंशी कक्ष, वायरलेस रूम, हवालात का निरीक्षण किया गया तथा थाना स्टाफ से चर्चा कर थाने के पीछे स्टाफ क्वार्टर जाकर पुलिस परिवारजनों से चर्चा किए। उनकी समस्याएं व आवश्यकताओं की जानकारी लिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी को नए क्वार्टर का प्रपोजल पुलिस कार्यालय भेजने निर्देशित किया गया गया तथा क्षेत्र में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत लगातार जनचेतना, पुलिस चौपाल, चलित थाना आदि का आयोजन कर जागरूकता कार्यक्रमों को अनवरत जारी रखने के निर्देश दिए तथा रात्रि गश्त दौरान नगर के बैंक, सराफा दुकान, महत्वपूर्ण शासकीय भावनों को चेक करने व लगातार सामाजिक बुराई जुआ, सट्टा, अवैध शराब पर कार्यवाही का निर्देश दिया गया है।

## सुनहरा मौका: 13 से 31 मार्च तक किसान क्रेडिट कार्ड बनाने लगेंगे शिविर

- कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश पर हर विकासखंड मुख्यालय में लगाए जा रहे शिविर
- सप्ताह में तीन दिन, सोमवार बुधवार और शुक्रवार को जनपद कार्यालय में लगेंगे शिविर
- कृषि, पशुपालन, मछली पालन और उद्यानिकी के हितग्राहियों के मौके पर ही बनाए जायेंगे किसान क्रेडिट कार्ड



**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश पर कृषि व संबंधित कार्यों से जुड़े किसानों के व्यापक स्तर पर किसान क्रेडिट कार्ड बनाने शिविर आयोजित होने जा रहे हैं। यह शिविर 13 मार्च से 31 मार्च तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को लगाए जायेंगे। शिविर का आयोजन संबंधित ब्लॉक के जनपद पंचायत कार्यालय में प्रात: 11 बजे से किया जाएगा। कलेक्टर सिन्हा ने किसानों को अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ लेकर केसीसी बनवाने की अपील की है।

गौरतलब है कि पिछले दिनों समीक्षा बैठकों में कलेक्टर सिन्हा ने जिले में केसीसी निर्माण की समीक्षा की थी। कम संख्या में केसीसी प्रकरणों की स्वीकृति और निर्माण की धीमी गति को लेकर नाराजगी जताई थी और शिविर लगाकर किसानों के केसीसी बनाने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए थे। उनके निर्देश के अनुरूप केसीसी बनाने शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। नोडल अधिकारी, अपेक्स बैंक से मिली जानकारी अनुसार जिले के 69 सहकारी समितियों में 13 मार्च 2023 से 31 मार्च 2023 के मध्य प्रत्येक विकासखण्ड के जनपद पंचायत में किसान क्रेडिट कार्ड शिविर के आयोजन किये जा रहे हैं। इन तिथियों के बीच प्रति सप्ताह के तीन दिन क्रमश: सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को विकासखण्ड के जनपद कार्यालय के सभागार में शिविर का आयोजन होगा। इस शिविर में पशु चिकित्सा विभाग, मत्स्य विभाग, उद्यानिकी विभाग एवं कृषि विभाग के अधिकारी गण तथा फील्ड स्तर के कर्मचारीगण उपस्थित रहेंगे। किसान हितग्राहियों की पात्रता के आधार पर नियमानुसार किसान क्रेडिट कार्ड तैयार किये जाने हेतु सभी प्रकार की दस्तावेजी कार्यवाही शिविर स्थल पर ही की जावेगी। शिविर प्रात: 11 बजे से प्रारम्भ किया जावेगा।

**केसीसी से किसानों को मिलता है ब्याजमुक्त ऋण-** किसान क्रेडिट कार्ड योजना से किसान कम ब्याज दरों में कृषि व संबंधित कार्यों के लिए बैंको से ऋण ले सकते हैं। जिससे उन्हें अपने खेती-किसानी के कामों के लिए कार्यशील पूंजी मिल जाती है। केसीसी से किसानों को कृषि कार्यों के लिए ब्याजमुक्त अल्पकालीन ऋण मिलता है। पशुपालन, मछली पालन और उद्यानिकी कार्यों के लिए भी अल्पकालीन ऋण दिया है। पशु पालन हेतु 2.00 लाख तक का ऋण 1 प्रतिशत ब्याज दर पर एवं रूपये 2 लाख से अधिक एवं रूपये 3 लाख तक के ऋण 3 प्रतिशत ब्याज दर पर दिया जाता है। मत्स्य पालन व उद्यानिकी कार्यों हेतु 3 लाख तक दिये जाने वाला ऋण, अल्पकालीन कृषि ऋण के समान ब्याज मुक्त (0 प्रतिशत ब्याज दर) होता है।

**शिविर में इन दस्तावेजों की होगी जरूरत-** अपेक्स बैंक के नोडल अधिकारी ने बताया कि शिविर में केसीसी बनवाने के लिए फोटो, आधार कार्ड और बी-1 की कॉपी लगेगी। यदि हितग्राही किसी सहकारी समिति का सदस्य नहीं है तो 110 रुपए शुल्क देय होगा।

## बालिका से छेड़खानी करने वाला युवक गया जेल

**रायगढ़।** थाना कोतरारोड़ क्षेत्र की बालिका ने गत दिनांक 08.03.2023 को अपने परिजनों के साथ थाने आकर निर्मल बघेल (21 साल) के विरूद्ध छेड़खानी करने की रिपोर्ट दर्ज करायी। बालिका बतायी कि पिछले दो माह से निर्मल बघेल स्कूल आते जाते छेडछाड कर परेशान करता था, जिसे घरवालों को बतायी तो निर्मल बघेल को समझाये थे। दिनांक 07.03.2023 की रात अचानक निर्मल घर के परछी में आ गया और सोयी अवस्था में बेज्जती करने की नियत से छेड़छाड़ करने लगा, शोर मचाने पर निर्मल भाग गया।

दूसरे दिन दिनांक 08.03.2023 को सुबह किराना दुकान जाते समय भी निर्मल हाथ पकड़ लिया, जिसे घरवाले देख लिये तब निर्मल घरवालों को देखकर निर्मल बघेल वहां से भागा।

परिवार में सलाह मशवीरा कर थाने में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराये, रिपोर्ट पर थाना कोतरारोड में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक गिरधारी साव द्वारा आरोपी निर्मल बघेल पर धारा 354, 354 आईपीसी 8 पोक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आरोपी की पतासाजी कर हिरासत में लेकर थाना लाए जिसे कल ही गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया, जहां आरोपी का ज्युडिसियल रिमांड प्राप्त होने पर आरोपी को जेल दाखिल कराया गया है।

## नगरीय निकायों में राजस्व वसूली के लिए चलाएं अभियान- कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा

- मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के सतत् मॉनिटरिंग के निर्देश, कलेक्टर ने कहा लापरवाही पर करें कार्यवाही
- नियमितीकरण के मामले प्राथमिकता से निराकृत करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश
- गर्मी में पेयजल आपूर्ति की रखें समुचित व्यवस्था



**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज नगरीय निकायों के कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने सभी नगरीय निकायों में 31 मार्च तक अभियान चलाकर राजस्व वसूली का कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी नगरीय निकायों में चालू वर्ष और बकाया राजस्व मांग की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बकाया करों की वसूली की जाए, इसके लिए सभी नगरीय निकाय अभियान चलाएं। इसी प्रकार नियमितीकरण के मामलों में भी आवेदकों से प्रकरण लेकर उसका सामयिक निराकरण करने के निर्देश सभी नगरीय निकाय के सीएमओ को दिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर सिन्हा ने मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना और धन्वंतरी जेनेरिक दवा योजना की समीक्षा भी बैठक के दौरान की। उन्होंने मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत लगने वाले एमएमयू से लगने वाले मेडिकल कैंप की सतत मॉनिटरिंग करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि यहां लोगों को इलाज के साथ शासन द्वारा तय किए गए सभी मेडिकल जांच और दवाईयों की सुविधा मिलनी चाहिए। इस कार्य में लगी एजेंसीज के काम की जांच की जाए। जिसके भी काम में लापरवाही मिले उसके खिलाफ तत्काल कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिए। सस्ती दवा दुकान को लेकर कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि यह शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इसका लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले इस दिशा में कार्य करें। स्थानीय स्तर पर दवा दुकान से होने वाली बिक्री की नियमित समीक्षा की जाए।

कलेक्टर सिन्हा ने नगरीय निकायों में चल रहे निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने सड़क निर्माण के सारे कार्य प्राथमिकता से पूरे करवाने के निर्देश सभी सीएमओ को दिए। कलेक्टर सिन्हा ने इसके साथ ही नगरीय निकायों में चल रहे गोधन न्याय योजना की समीक्षा की। उन्होंने गौठानों में गोबर खरीदी तथा वर्मी कम्पोस्ट निर्माण का कार्य नियमित रूप से जारी रखने के लिए कहा। कलेक्टर सिन्हा ने बैठक में राजीव युवा मितान क्लब के गठन तथा की जा रही गतिविधियों की भी बैठक में समीक्षा की। बैठक में सभी नगरीय निकाय के सीएमओ व इंजीनियर्स भी उपस्थित रहे।

**निकायों में अनाधिकृत विकास का प्राथमिकता से करें नियमितीकरण-** कलेक्टर सिन्हा ने बैठक में शासन के छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास का नियमितीकरण अधिनियम 2022 के तहत कम संख्या में आवेदन प्राप्त होने को लेकर गहरी नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा कि शासन के नियम के तहत आवासीय एवं गैर आवासीय तथा भूमि उपयोग का परिवर्तन कर किए गए अनाधिकृत निर्माण को वैध कराया जा सकेगा। इसके बारे में स्थानीय स्तर पर प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक करें तथा योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित करें।

**गर्मी में नियमित पेयजल आपूर्ति की हो व्यवस्था-** कलेक्टर सिन्हा ने बैठक में गर्मी के मौसम को देखते हुए नगरीय निकाय क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति के लिए समुचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पानी सप्लाई में लगने वाले उपकरणों के मेन्टेनेंस पूरे कर लिए जाए। इसके साथ ही जहां हैण्डपंप व बोरवेल की मरम्मत की आवश्यकता है वह भी पूरी कर लें। लोगों को पेयजल को लेकर दिक्कत नहीं होनी चाहिए।


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480